समर्पण संस्था द्वारा रविवार, दिनांक 16 जून, 2013 को त्रिवेणी डेन्टल क्लिनिक के सहयोग से निःशुल्क दन्त चिकित्सा एवं जाँच शिविर का आयोजन किया। जिसमें काफी मात्रा में दन्त रोग से पीड़ित लोगों ने जाँच करवाकर चिकित्सा एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह 2013

15 अगस्त, 2013 को समर्पण संस्था द्वारा स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल एस.एस. शेखावत तथा विशिष्ट अतिथि बाबा भारती, श्री रूप नारायण यादव, श्री किशन लाल यादव आदि थे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई ध्वजा रोहण के पश्चात् सभी को एक पौधा उपहार स्वरूप दिया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम

समर्पण संस्था द्वारा नवयुवक, नवयुवतियों को "एचआईवी/एड्स जानकारी ही बचाव है" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 26 जनवरी 2014 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, महेश नगर, जयपुर में आयोजित किया गया।

निःशुल्क जाँच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

समर्पण संस्था द्वारा दिनांक 27 अप्रैल, 2014 को डॉ. के.के. शांण्डिल्य के सहयोग से निःशुल्क जाँच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी लोगों ने डायबिटिज एवं ब्लडप्रेशर आदि की जाँच करवाकर चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह 2014

समर्पण संस्था द्वारा 15 अगस्त 2014 को संस्था कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुवात ध्वजारोहण के साथ की गई इस शुभ अवसर पर संस्था के सभी सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समर्पण संस्था द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम

समर्पण संस्था द्वारा प्रताप नगर स्थित पार्क में दिनांक 24 अगस्त 2014 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती रामा शर्मा एवं संस्था सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया व वृक्षों की नियमित देखभाल कर अपने आस–पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

समर्पण संस्था के सदस्यों की वार्षिक संगोष्ठी

समपर्ण संस्था सदस्यों द्वारा 4 दिसम्बर 2014 को वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था सदस्यों ने संस्था द्वारा आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के विषय में विचार – विमर्श किया एवं रूपरेखा तैयार की।

जयपुर मैराथन का आयोजन

समर्पण संस्था सदस्यों द्वारा रविवार, दिनांक 25 जनवरी 2015 को मैराथन का आयोजन किया गया। काफी सर्दी एवं कोहरा होने के बावजूद भी संस्था सदस्यों ने काफी उत्साह के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। मैराथन रामनिवास बाग से शुरू होकर जवाहर लाल नेहरू मार्ग से होते हुए जवाहर सर्किल पर समाप्त हुई।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम 2015 का आयोजन

समर्पण संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रधान कार्यालय पर किया गया।

समर्पण संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

समर्पण संस्था एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 फरवरी 2015 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रामा शर्मा एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र विधायक श्री कैलाश वर्मा उपस्थित थे, जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा कुल 61 युनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

24 मई, 2015 पक्षियों के लिए परिण्डे लगाये गये।

मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा तपती गर्मी से बेहाल पक्षियों के लिए रविवार प्रातः 7:30 बजे समर्पण संस्था कार्यालय के सामने संस्था के सदस्यों द्वारा 192/38, सेक्टर–19, प्रताप नगर के पार्क नं0–2 व 195 सेक्टर के खड्डे वाले पार्क में परिण्डे बांधे गये।

इस अवसर पर संस्था सदस्यों के अलावा पार्षद श्रीमती रामा शर्मा, समाजसेवी श्री राकेश बैरवा, वरिष्ठ नागरिक, गणमान्य व्यक्ति एवं बच्चे भी मौजूद रहे।

Onus Design

3D View | **Interior View**

Complete Architect Work

Mukesh Kumar Jangid
Mob. : 9461070103

Office Address : Plot No. 52-53, Janakpuri-I, Imli Phatak, Jaipur

Bainiwal Construction Company

Bhagwan Sahay Bairwa
Mob. : 9636571241

Village Kishanpura, Post Kacholiya, Teh. Bassi, Distt. Jaipur

सेवा

✍ राकेश खेडा (दिल्ली)

आज समाज में भिन्न–भिन्न प्रकार की सेवा की जा रही है लेकिन विचारणीय विषय यह है कि सेवा किस भाव से की जा रही है, अगर सेवा करके हम कामना रखते हैं तो सेवा निःस्वार्थ भाव से नहीं मानी जाती। अगर सेवा करके कोई फल की इच्छा नहीं है, तब यह परोपकार की भावना मानी जाती है। लेकिन विडम्बना यह है कि संसार में अधिकतर सेवा का प्रारूप निहित स्वार्थ से भरा होता है। कई लोग सेवा इस आशय से करते हैं कि मेरा नाम का प्रचलन हो। मेरी शौहरत हो, झूठी शान व शौकत को मद्दे नज़र रखते हुए समाज में सेवा करते हैं। इस सेवा में स्वार्थ की बदबू आती है। जब सेवा के साथ कोई अच्छाई जुड़ जाती है तब सेवा का मूल भाव खत्म हो जाता है, कई धर्म स्थानों पर देखा गया है कि कोई धन से सेवा करता है तो वहाँ उसका नाम बोला जाता है, जब नाम घोषित करने का भाव मन में मौजूद हो तो फिर निरिच्छत भाव कहाँ रहता है?

कई इन्सान ऐसे भी देखे गये हैं जिन्हें इस बात का पता ही नहीं होता कि मैं जो सेवा कर रहा हूँ, इसका फायदा किसे पहुँचेगा, उनमें निष्काम भाव होता है। सेवा करके खुशी मिल रही होती है, जिस प्रकार कई स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले इन्सान स्वयं को खुशनसीब समझते हैं, उन्हें इस बात से कोई सरोकार नहीं होता कि हमारा दिया हुआ रक्त किसे फायदा करेगा? ऐसे लोग रक्त देकर किसी की जान बचाकर स्वयं को खुशनसीब समझते हैं, वे अपने स्वास्थ्य या उम्र की परवाह नही करते। ऐसे लोग धन्यता के पात्र होते हैं।

सेवा का बीज कभी व्यर्थ नहीं जाता, अगर हम अनचाहे मन से भी सेवा करते हैं तो भी व्यर्थ नहीं जाता है। जिस प्रकार एक किसान अपने खेत में गेहूँ बीजने के लिए बीज को ले जा रहा होता है, बोरी फटी हुई है और बीज जमीन पर गिर जाता है, जहाँ वो बीज डालना भी नहीं चाहता था लेकिन बीज गिर रहा है। जहाँ–जहाँ बीज गिर रहा है वहाँ–वहाँ भी फसल विकसित होगी। भाव यह है कि अगर हम ना चाहते हुए भी सेवा करते हैं तो भी परमात्मा हमारे खजाने भर देता है। यदि हम भावना से सेवा करते हैं तो यह सेवा और भी उत्तम मानी जाती है, जो सेवा हम करते हैं, कई पीढ़ियाँ उस सेवा का सुख लेती हैं।

इतिहास की तरफ निगाह डालें तो पता चलता है कि जिन्होंने सेवा का बीज डाला वो शाह बन गये। भक्त हनुमान जी का अगर हम नाम है तो सेवा के कारण ही है। भगवान श्रीराम की निष्काम

सेवा के कारण ही हनुमानजी को जाना जाता है। आज भारत में भगवान श्रीराम की बजाय हनुमान जी के अधिक मन्दिर हैं, प्रभु अपने भक्तों का नाम स्वयं प्रकट करते हैं, बशर्ते कि सेवा निष्काम–निरिच्छत हो लेकिन आज संसार में नि:स्वार्थ सेवा का भाव कम देखने को मिलता है। जैसे आज संसार में देखा जाता है। कि लोग मन्नत मांगते हैं कि 'ऐ भगवान तू मेरा यह कार्य कर दे, मैं सौ रुपये का प्रसाद बाटूंगा, अर्थात् प्रसाद तो बाटूंगा लेकिन काम होने पर यह सेवा नहीं एक सौदा है। लेकिन भक्त प्रभु से सौदा नहीं करते, निष्काम व निरिच्छित भाव से सेवा करते हैं, कहीं भी कोई मुसीबत में नज़र आये, प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़, सुनामी ऐसा भयंकर संकट की घड़ी में आज भी लोग बिना किसी स्वार्थ के सेवा के लिए अपना हाथ बढ़ाते हैं। ऐसे लोगों के मन में इन्सानियत के प्रति दर्द है, मानवता का दर्द लेकर ही सेवा करते हैं। इनके मन में सेवा के फल की कामना नहीं होती है।

वास्तव में सेवा का फल सेवा ही होता है। सेवा के बदले गर हम कामना करते हैं या फल की इच्छा करते हैं तो हमें भी उसी रूप में सेवा का फल मिलता है। जिस रूप में हमने किसी की सेवा की होती है। जिस प्रकार एक भिखारी को भिख देकर अगर हम उसके बदले में फल की इच्छा करें तो एक दिन हमें स्वयं भिखारी बनकर भिख लेनी होगी। सड़क पर बूढ़े इन्सान को अगर आपने सड़क पार करवा दी, लेकिन साथ ही फल की इच्छा भी कर ली तो हमें स्वयं बूढ़ा बनकर उसी सड़क के मोड़ पर खड़ा होना पड़ेगा। एक रोगी का इलाज करवाकर फल की इच्छा रखना, इस स्थिति में हमें भी रोगी बनना पड़ेगा यदि हम सेवा के इस फल पर विचार करेंगे तो हरगिज हम बदले में सेवा स्वीकार नहीं करेंगे। इसलिए बेहतर यही है कि हम निष्काम भाव से सेवा करें, किसी की सेवा करें तो तुरन्त भूल जायें। केवल परमात्मा का शुक्र करें कि हमें इस काबिल बनाया है कि हम किसी के काम आ पाये। इसलिए सेवा करते हुए कभी भूलकर भी स्वयं को श्रेष्ठ न समझें, हमेशा परमात्मा को ही श्रेय दें कि ऐ प्रभु! आपके द्वारा ही प्रदान की गई वस्तु मानव मात्र को सेवा के रूप में समर्पित की जा रही है, इससे मन में अकर्ता भाव रहेगा, हमेशा इसी भावना से मानवता की सेवा करते जायें।

दलित और सिर्फ दलित

रामदयाल बैरवा
(एडवोकेट)

आज यह जवलन्त सत्य है कि 21वीं सदी में भी दलित अपनी पहचान बनाने में बड़ी मेहनत कर रहा है। दलित और वह भी हिन्दू दलित आज के दौर में शिक्षित होते हुए भी दोहरे परिवेश में जी रहा है। एक तरफ तो वह शिक्षित होकर भी उसी ऐतिहासिक कार्य को करने पर मजबूर है। वही सारे साफ सफाई के कार्य, जो दलित करता है यदि एक दिन भी नही करे तो गांव, शहरों की गलियाँ सड़ जाये।

हिन्दू धर्म में गाय को पूज्य माना जाता है, उसका दूध सभी धर्मो के लोग बड़े चाव से पीते हैं। किन्तु उसके कटने–मरने पर उसको फैंकने के लिए उसी दलित भाई को याद किया जाता है।

राजनीति में देखा जाये, सरकारी नौकरी में देखा जाये, बिजनिस मैन के रूप में देखा जाये तो कितने दलित राजनीति में है, वे है तो केवल रिजर्व सीट पर है, यदि रिजर्व सीट ना हो तो किसी भी दलित को जीतकर नहीं आने दिया जाए है। देश की राजनीति में बिना रिजर्व सीट से जीतने वाले लोगों की संख्या देखी जाये तो वह 0.02 प्रतिशत है जो भी अपने दम पर या अपनी काबिलियत के दम पर आते हैं।

इतिहास को पलटकर देखें तो पहले राजनीति में लोग एक अच्छे समाजसेवी, साफ छवी वाले लोकप्रिय व्यक्ति को चुनते थे। किन्तु आज राजनीति में इसका उल्टा है क्योंकि राजनैतिक पार्टियाँ स्वयं ही ऐसे व्यक्ति को टिकट देती हे जो लोगों में ज्यादा प्रसिद्ध है चाहे वह व्यापारी हो या क्रिमिलन और दो नम्बर का कारोबारी हो जो चुनावों में अनाप सनाप धन खर्च कर सकता है। आज की राजनीति में वोट को खरीदा जाता है। दलितों के पास ना तो पैसा होता है और ना ही लोग उन्हें पसन्द करते हैं। आज भी लोगों की मानसिकता में रचा बसा है कि वह किसी दलित को अपना नेता नहीं मानते हैं यह उनकी मजबूरी है कि वे रिजर्व सीट पर जीतकर आये हैं तो वे कुछ नहीं कर सकते है। देखा गया है रिजर्व सीट पर जनरल सीट की तुलना में वोटिंग भी कम होती है। लोग दलित नेता के चुनाव में रूचि ही नहीं लेते हैं। आज की स्थिति के वनिस्पत दलित अग्रेंजो की गुलामी के दिनों में ज्यादा खुश थे अंग्रेज चाहे कैसे भी रहे हो वे सभी भारतीयों को एक सा मानते थे यानि सभी को समान दृष्टि से देखते थे।

आजादी से पहले भी कई नेताओं ने दलितों की भलाई के लिए आन्दोलन चलाए, महात्मा गांधी ने मेहतर को हरीजन शब्द से सम्बोधित किया – 1932 में पुना पैक्ट में डॉ. अम्बेडकर ने सभी दलितों को हिन्दु समाज का अभिन्न अंग माना तथा हिन्दु महासभा के नेताओं मदनमोहन मालवीय और वीर सवारकर ने दलितों को हिन्दु मानते हुए उनके उत्थान के लिए आन्दोलन चलाए।

1946 में भारत की आजादी के लिए बने केबिनेट में हिन्दु, मुसलमानों के साथ दलितों के लिए भी अलग से प्रतिनिधि रखा गया। इसलिए इस हिन्दु व्यवस्था व सामाजिक व्यवस्था के कारण संविधान में दलितों के लिए अलग आरक्षण की व्यवस्था की गयी सामाजिक स्तर पर जो भेदभाव हो रहा है वह राजनैतिक स्तर पर भी उभरकर सामने आया और इस असमानता को कुछ हद तक कम करने के लिए रिजर्व सीट की व्यवस्था दी गई।

आजादी के बाद दलितों को अधिकार दिलाने के लिए 1955 में Protection of Civil Right Act. 1955 संसद द्वारा पारित किया गया। जो छुआछूत, भेदभाव, जातिवाद को सामाजिक स्तर में समानता करने के लिए है उक्त PCR Act 1955 संविधान के Article 17 को ध्यान में रखकर बनाया गया किन्तु हिन्दू समाज के लोगो की संकीर्ण मानसिकता जो ऐतिहासिक रही है वह हजम नहीं हो रहा था। कानून बनने के बाद भी व्यवस्थाऐं तो जस की तस रही PCR Act 1955 के प्रभावी रूप से लागू ही करवाने में व्यवस्थापिता नाकाम रही, और 1989 में SC/ST Act./1989 संसद में पारीत किया गया। किन्तु आज भी यदि देखा जाये तो मानो कितने मामले इस PCR, SC/ST Act में दर्ज होते हैं और दर्ज होने में भी है तो संकीर्ण मानसिकता के लोग उस मामले को दबाने के लिए अपराधी होते हुए भी विधायक, सांसद, मंत्रियों तक की सिफरिशों से मामले को दबाते हैं। यानि की जो नेता मंत्री है वह ज्यादा भ्रष्ट हैं ज्यादा संकीर्ण मानसिकता के धनी है जो इस प्रकार के लोगो को सपोर्ट करते है। लोग तथा सरकारी आंकडे कहते है कि इन कानूनो का गलत इस्तेमाल होता है, किन्तु देखा जाये तो वास्तव में इन कानूनो का सही रूप में उपयोग ही नहीं किया जाता है तो दुरूपयोग कहा से होगा दलित न्याय को तरसते रहते हैं नेता जो ज्यादा संकीर्ण मानसिकता के धनी है इसी बात से पता लगाया जा सकता है कि वे अपराधियों को पूरा सपोर्ट करते हैं SC/ST Act 1989 में संशोधन अध्यादेश लाया गया जो नेताओं की सकिंर्ण मानसिकता की वजह से आज भी पारित होने से अटका पड़ा है। कोई भी सरकारी अफसर जो अच्छा कार्य करता है उसे गलत कार्य के लिए धमकाया जाता है। उनके बार–बार ट्रांसफर किये जाते हैं तो नीयत और सामाजिक संर्कीणता की वजह से दलितों को अधिकार व समानता दिलाने के लिए ही संविधान में आरक्षण लागु किया गया है। किन्तु यह आरक्षण भी सरकार अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करती है। दलित चाहे हिन्दु समाज का, मुस्लिम, सिख या ईसाई धर्म में भी दलित तो दलित ही रह गया और इसका सबने इस्तेमाल किया है और कर रहे है।

आज भी सामाजिक समानता के नाम पर दलितो से मन्दिरों में चन्दा लिया जाता है किन्तु फिर भी दलितों को मन्दिरों में प्रवेश वृजित है। आये दिन ऐसे मामले प्रमुखता से सामने आते रहते हैं सरकारे भी संविधान के अनुसार समाज में समनता लाने के लिए कई योजनाऐं चला रही है। अर्न्तरजातिय विवाह करने पर सरकारी सहायता देना। किन्तु क्या ? कोई हिन्दु अपनी पुत्री, बहन की शादि एक दलित से करता है ऐसे विवाह तो प्रेम विवाह ही होते हैं। इन प्रेम विवाह करने वाले की सोच जाति व्यवस्था से ऊपर होती है तभी वे विवाह कर पाते हैं। आज के दौर में जहाँ दलित निरन्तर प्रगति कर रहा है। वही रूढ़ीवादी सोच के लोग उसमें बाधा डालने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

अगर कहीं दलित संघर्ष कर रहा है तो उसे कुचला जा रहा है। हाल ही नागौर जिले में दलितों का नर संहार किया गया, जयपुर के कोटपुतली में सिर ऊँचा करने की सजा मिली कि पानी में ही जहर घोल दिया गया। किन्तु दलित फिर भी हताश नहीं हुआ है।

व्यक्ति की सोच हर प्रकार से आगे बढने की होती है और वह हर प्रकार से संघर्ष करता है किन्तु कुछ बाधायें उसका रास्ता रोक देती है और जो उन बाधाओं को पारकर लेता है वह निश्चित ही सफल होता है। आज के दलित को बहुत संघर्ष करना है और सफलता के लिए मरना मिटना होगा।

धर्म का मर्म

स्वामी बाबा भारत

मैं एक सभा में गया था। उस सभा में अछुतों पर बहस हो रही थी। अछूत की कल्पना ही मेरे हृदय को आंसुओं से भर देती है। वहाँ पहुँचने के बाद भी मैं बहुत दुःखी और उदास था। मनुष्य ने मनुष्य के साथ यह क्या किया है ? मनुष्य–मनुष्य के बीच में अनेको दीवारें खड़ी करने वाले लोग भी धार्मिक समझे जाते हैं। फिर अधर्म क्या है? ऐसा प्रतीत होता है कि अधर्म के अडड्ों ने धर्म की पात्ताकाऐं चुरा ली है और शैतान के शास्त्र परमात्मा के शास्त्र बने हुए है।

धर्म भेद नहीं, अभेद है। धर्म द्वैत नहीं, अद्वैत है। धर्म तो दीवारें बनाते नही, मिटाते हैं। लेकिन शैतान के शास्त्र भेद ही उपजाते रहे हैं और दीवारें ही बनाते रहे हैं। उनकी शक्ति मनुष्य को तोड़ने और विभाजित करने में ही सक्रिय रही है। असल में मनुष्य को मनुष्य से अलग किये बिना न तो संगठन बन सकते हैं और नही ही शोषण हो सकता है। यदि मनुष्यता समान है और एक है, तो शोषण के मूलाधार ही नष्ट हो जाते हैं। शोषण के लिये तो असमानता अनिवार्य है, वर्ग और वर्ण आवश्यक है। वर्ग–वर्णहीन समाज तो अनायास ही शोषण विरोधी हो जाता है। मनुष्यता की समानता को स्वीकार करना शोषण को अस्वीकार करना है।

फिर मनुष्य–मनुष्य में भेद डाले बिना संगठन और संप्रदाय भी नहीं बन सकते हैं। भेद से भय आता है, द्वैत और घृणा आती है और शत्रुता पैदा होती है। संगठन मित्रता से नहीं शत्रुता से जन्मते है संगठन शक्ति देते हें। शक्ति शोषण का सामर्थ्य बनती है। इसलिये धर्म ऐसे ही छिपे–छिपे राजनीति बन जाते हैं। धर्म आगे चलता है। राजनीति पीछे चलती है। धर्म आवरण ही रह जाता है और राजनीति प्राण बन जाती है। वस्तुतः जहाँ संगठन है, संप्रदाय हैं वहाँ धर्म नहीं हैं बस राजनीति ही है।, धर्म तो साधना है। वह संगठन नहीं हैं। संगठन के अभाव में धर्म तो हो सकता है, लेकिन पुजारी, पुरोहित और उनका व्यवसाय नहीं हो सकते हैं। परमात्मा को भी व्यवसाय बना लिया गया है। इससे ज्यादा अशोभन और अधार्मिक क्या हो सकता है? लेकिन प्रचार की महिमा अपार है और सत्तत प्रचार से निकट असत्य भी सत्य बन जाते हैं। फिर जो पुजारी, पुरोहित स्वयं शोषण में हैं, वे यदि शोषण व्यवस्था के समर्थक हों तो आश्चर्य ही क्या है? इन्होंने काल्पनिक सिद्धांतों का जाल बुनकर, शोषकों को पुण्यात्मा और शोषितों को पापी सिद्ध किया है। शोषितों को समझाया गया है कि यह उनके दुष्कर्मो का फल है।

उस सभा में एक वृद्ध भी था। उसने कहा कि पुरोहित मुझे अछूत समझते हैं। क्या मैं मंदिरों में आ सकता हूँ? मैंने कहा मंदिरों में? लेकिन किसलिए? परमात्मा तो स्वयं ही ऐसे पुरोहितों के मंदिरों में कभी नहीं जाते हैं। प्रकृति से बड़ा परमात्मा का और कोई मंदिर नहीं है। परमात्मा से ऐसे पुरोहितों के मंदिरों का दूर का भी संबंध नहीं। ऐसे पुरोहितों से परमात्मा की कभी बोलचाल ही नहीं रही। क्योंकि उनके शास्त्र और संप्रदाय मनुष्य को मनुष्य से लड़ाने के केन्द्र रहें हैं उन्होनें बातें तो प्रेम की हैं और जहर घृणा

का फैलाया हे। फिर भी मनुष्य ऐसे पुरोहितों से सावधान नहीं हैं।

जब भी मनुष्य को परमात्मा का स्मरण आता है, वह ऐसे पुरोहितों के चक्कर में पड़ जाता है। मनुष्य के परमात्मा से संबंध क्षीण होने का मूल कारण यही है। ऐसा पुजारी जैसे ही मंदिर में प्रवेश करता है वैसे ही परमात्मा मंदिर से बाहर हो जाता है। भक्त और भगवान के बीच यही बाधा है। क्योंकि प्रेम किसी को भी बीच में पंसद नहीं करता है।

ऐसा ही पुजारी एक गांव के मंदिर में था। एक भोर की बात है। अभी अंधेरा ही था। जैसे ही मंदिर के द्वार खुले कि एक सज्जन मंदिर की सीढ़ियाँ चढ़कर द्वार पर पहुँच गया। वह द्वार के भीतर पैर रखने को ही था कि पुजारी क्रोध से गरजा ''रूक, रूक, अछूत पापी ! एक पग भी आगे बढ़ाया तो तेरा सर्वनाश हो जायेगा। मूढ़ ! परमात्मा के मंदिर की पवित्र सीढ़ियाँ तूने अपवित्र कर दी हैं।'' सहमे हुए सज्जन ने उठा हुआ पैर वापस ले लिया। उसकी आंखों में आंसू आ गए। वह रोता हुआ बोला हे परमात्मा, मेरा ऐसा कौन सा पाप है, जिसके कारण तेरे दर्शन मुझे नहीं हो सकते हैं? परमात्मा की ओर से उस पुजारी ने कहा ''तू जन्म से अशुद्ध है, पाप–भण्डार है।'' उस सज्जन ने प्रार्थना की ''फिर में शुद्धि के लिए साधना करूंगा, लेकिन प्रभु–दर्शन के बिना नहीं मरना चाहता हुँ।'' और फिर वर्षो तक उस सज्जन का कोई पता न चला। वह न मालूम कहाँ चला गया था। लोग उसे भूल ही गए थे और तब अचानक एक दिन वह गांव में आया। गांव के प्रवेश द्वार पर ही मंदिर था। पुजारी ने उसे मंदिर के पास से जाते देखा। एक अपूर्व तेज उसके चेहरे पर था। एक अपूर्व शांति उसकी आंखों में थी। उसके आसपास भी जैसे प्रकाश का एक मंडल था। लेकिन उसने मंदिर की ओर आंख भी उठाकर नहीं देखा। वह उस ओर से बिल्कुल निरपेक्ष और असंग दिख रहा था। लेकिन पुजारी से न रहा गया। उसने उसे पुकारा और पूछा ''क्यों रे ! क्या शुद्धि की साधना पूरी कर ली? वह सज्जन इस पर हंसा और उसने स्वीकृति में सिर हिलाया। पुजारी ने पुछा ''फिर मंदिर मे क्यों नहीं आता? वह सज्जन बोला ''महाराज क्या करूँ आकर? प्रभु ने दर्शन दिए तो कहा मेरी खोज में ऐसे पुजारी के मंदिर क्यों गया था? वहाँ कुछ भी नहीं हैं मैं तो स्वयं ही कभी ऐसे पुरोहितों के मंदिरों में नही गया हुँ और जाँऊ भी तो क्या ऐसे पुजारी मुझे वहाँ घुसने दे सकते हैं।

जन चेतना संदेश

बाबू लाल बैरवा

दलित शोषित समाज के भाईयों बहिनों देश आजाद हुए आज 68 वर्ष बीत चुके हैं, मगर दलितों पर होने वाले अत्याचारों में कमी नहीं आई और सदियों से दमन, उत्पीड़न, छुआछूत और शोषण के शिकार रहे दलितों, आदिवासियों को हजारों की कुर्बानियाँ देने के बाद कुछ अधिकार मिले है व सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों की नौकरियों में आरक्षण, स्कूलों, कॉलेजों के दाखिले में फीस इत्यादि में रियायत, भूमि सुधार के तहत रहने व खेती के लिए जमीनें समय–समय पर घोषित सरकारी योजनाओं के जरिये उनकी सामाजिक आर्थिक कमजोरी को दूर करने हेतु सरकार का संकल्प शामिल है।

दलितों पर होने वाले अन्याय अत्याचारों को दूर करने हेतु सरकार का संकल्प शामिल है। दलितों पर होने वाले अन्याय, अत्याचारों को सामान्य कानूनों के द्वारा रोकने में राज्य सरकारों को असफल देख हमारी संसद में सन् 1989 में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण कानून पारित किया और उम्मीद की थी कि इससे दलित व आदिवासी पर अत्याचार कम होगें व उनके अधिकार तथा सम्मान की रक्षा होगी, लेकिन यह दु:ख की बात है कि हमारी हालत लगातार बद से बदतर होती चली जा रही है। हमारी बहन–बेटियों की खुले आम इज्जत आबरू लूटी जा रही है। दूर दराज गांवों में ही नही बल्कि राज्यों की राजधानियों में भी बेटियाँ सुरक्षित नही है। पुलिस प्रशासन जिनका काम है दलितों के सम्मान व अधिकारों की रक्षा करना है, मगर वही हमारे दलित भाईयों बुजुर्गों, नौजवनों व हमारी बहन–बेटियों पर अन्याय अत्याचार करने में सबसे आगे हैं। दलितों पर अत्याचार होते हैं। उनकी रिपोर्ट ही दर्ज नहीं करते और लापरवाही से और ढिलाई से जाँच रिपोर्ट पेश करते हैं जिससे अधिकांश केसों में अपराधी बेदाग छूट जाते हैं और उसके बाद यथास्थान पर जाकर गांव में दलितों पर उत्पीड़न करते हैं।

सरकार दलितों के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने के बजाय लगातार ऐसी नीतियाँ अपनाती जा रही है जिससे उनकों शिक्षा, रोजगार, काम धन्धे और सम्मान सहित जीने का अधिकार खतरें में पड गया है। भूमण्डलीकरण, निजीकरण, उदारीकरण के चलते दलितों के लिए नौकरियों के लाले पड़ गये हैं। वैश्विकरण के चलते पब्लिक सैक्टर पुंजीपतियों को औने–पौने दामों में बेचकर दलितों से नौकरियों के अवसर छीन लिये है, जिससे आज दलित इंजीनियरों, डॉक्टरों तथा बी.ए., एम.ए. तथा उच्च शिक्षित होनहार बच्चे नौकरी के लिए दूर–दूर भटक रहे हैं। शिक्षा का निजीकरण दलितों पिछड़ों को शिक्षा से बाहर

करने का ब्राह्मणवादी षडयंत्र ही है। हजारों सालों से भूमि हीन धन और रोजगार के साधनों से वंचित रखे गये हैं।

यदि दलित निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग करता है तो उन्हें नाकारा, मैरिटहीन और न जाने क्या–क्या कह कर बदनाम किया जाता है। देश के पूंजीपति लोग जिन दलितों के कौशल, हस्तशिल्प और दस्तकारी के कामयाब नमूनों की कमाई प्राप्त कर विदेशी मुद्रा के बूते पर विदेशों से मशीन, कच्चा माल और तकनीकी आयात करके नाम और दाम कमाते हैं और दलितों को नौकरी देने के बजाय अपनी कम्पनियाँ विदेशों में ले जाना चाहते हैं और धमकी देते हैं कि तुम्हें बैठे तनख्वाह देने की बात कर खुले आम अपमान कर रहे हैं।

इसलिए वक्त को ध्यान में रखकर दलित अपने अधिकारों और मान–सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा के लिए पुनः एकजुट हो। दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ अपने संघर्ष में अब भारत के दलित अकेले नहीं है। वर्ष 2003 के अन्दर मुम्बई में वर्ल्ड सोशल फोरम में दुनियाँ के करीब 150 देशों से भी अधिक सामाजिक संगठनों ने आंदोलन में प्रण किया था कि वह बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर हर साल अपने–अपने देशों में प्रदर्शन और धरने आयोजित कर दलितों के अधिकारों और सम्मान की सुरक्षा की मांग करेंगे और यह जब तक जारी रहेगा जब तक सभी समान न हो जाये। देश के बहुसंख्यक दलितों आप सब एक जुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और अपने ऊपर होने वाले अन्याय अत्याचारों की रोकथाम के जिम्मेदार हम स्वयं हैं। जब तक हम शोषित लोक एक जूट नहीं होगें तब तक यह अन्याय अत्याचार नहीं रूक सकते। इसलिए रूढ़िवादी, मनुवादी विचारधाराओं को छोड़कर एक जुट हों बाबा साहेब ने कहा था कि जुल्म करने वालों से ज्यादा जुल्म सहने वाले ज्यादा गुनाहगार है। अधिकार मांगने से नहीं मिलते, अधिकार छीनने से मिलते हैं।

मानवता के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने शोषित समाज को एक नया जीवन दिया है।

''बाबा साहेब के संदेश को जन जन तक पहुँचाना है।
सर्व प्रिय हमारे देश भारत में मानव सम्मानता वाद लाना है।''

''बाबा साहेब का कहना है, बच्चे बच्ची को पढ़ाना है।
दलितों मरते दम तक भी हम सब को आगे बढ़ना है।

PLUMBER CONTRACTOR

Bhagwan Sahay Bairwa
Mob. : 9829405406

All types of Sanitory Fitting Works

A-45, Nirmohi City, Keshavpura, Ajmer Road, Jaipur

Painter Contractor

हमारे यहाँ प्लास्टिक पेन्ट, वैल्वेटच
फर्नीचर पॉलिश, डिस्टैम्पर, बिरला पुट्टी,
पी.ओ.पी. आदि का कार्य उचित
रेट पर किया जाता है।

RAMDAS KATARE
9828262233

प्लाट नं. 339, वर्धमान नगर, अजमेर रोड़, जयपुर

N.S. CONTRACTOR

Specialist of All Kinds Dholpur Stones & Granite Flooring, Cleading etc.

Nirmal Singh Yadav
Mob. : 9828781976 (Raj.), 9711778646 (Noida)

Village - Nougnaw, Post-Pawta, Teh. Mahwa, Distt. Dausa, Rajasthan

PLUMBER CONTRACTOR

हमारे यहाँ सभी प्रकार की सैनेट्री फिटींग एवं
छत तुड़ाई के कार्य के लिए सम्पर्क करें।

9887936986

Brij Mohan Bairwa

Village Chuli, Post-Barwas, Teh. Toda Raisingh, Distt. Tonk (Raj.)

Shubh Laxmi Murti Art

Manufacturers & Export : Precious & Semi Precious Stone, Figure, Carving & Handicraft Items

Om Prakash Verma
9829216065

Office : 95, Opp. Wireless Office, Sanganer, Jaipur
Resi. : A-13, Shyam Vihar Colony, Kundan Nagar, Sanganer, Jaipur
Email : shubh.laxmi@rediffmail.com

ADVOCATE

Rakesh Kumar Sancheti

M.Com, LLB, D.T.L. DLL.
Advocate & Tax Consultant
Raj. High Court, Jaipur
Mob. : 9413692116

Legal • Income Tax • Sales Tax • Service Tax
Investment Consultant • Patent
Trademark • Copy Right • Food Licence

Court : Opp. of Bar Association, Session Court, Bani Park, Jaipur
Off./Res. 267/100, R.H.B. Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur

सिविल कान्ट्रेक्टर

रामदयाल गोठवाल

मो. : 9414337480

हमारे यहाँ भवन निर्माण का
कार्य कुशल कारीगरों एवं
उच्च तकनीक के साथ किया जाता है।

280, पार्श्वनाथ नगर, गाँधी विहार,
सांगानेर एयरपोर्ट के पास, टोंक रोड़, जयपुर

किशन लाल पेन्टर

हमारे यहाँ फर्नीचर एवं मकान के सभी प्रकार
के कलर, टेक्चर पेन्ट, पी.ओ.पी., पूट्टी और
फर्नीचर पॉलिस का कार्य संतोष जनक किया जाता है।

नन्द विहार कॉलोनी, रेल्वे स्टेशन रोड़, बस्सी, जिला जयपुर
मो. : 8003183651, 8952071945

CIVIL CONTRACTOR

Contact for All types of Civil Construction Work

Ram Swaroop Mahawar

9950114038, 8561804307

98, Siksha Sagar, Govindpura Road, Kala Bad
Ka Phatak, Toll Tex, Sanganer, Jaipur (Raj.)

CIVIL CONTRACTOR

Chiranji Lal
9314405026

प्लाट नं. D-43, देव नगर
मुरलीपुरा गॉव, जयपुर

AVATAR Associates

All Types of Road & Land Survey Work,
Building Layout, Demarcation
Work Using Total Station, Colony Planning,
Khasara Super in Position and
Autocad Drafting Work.

Ramawatar
Nagarwal

265/277, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur-33
E-mail : avatarassociates_ers@yahoo.com
Mob. : 9928010564, 9314645994

KRITIKA

KRITIKA DIGITALS

CONTACT FOR DEALER SHIP
Mob.:- 9950400006

E-729, 2nd Fl, Nakulpath, Opp. Jyotinagar Thana,
Lalkothi, Jaipur, Rajastha 302015

ADVOCATE

Ram Dayal Bairwa

MA, LLB, DHRM
Advocate

Rajasthan High Court, Jaipur
Mob. : 9672490810
Email : drbairwa08@gmail.com

Abm

Since 1990

Anil Building

Material & Steel Suppliers

Authorised Dealer of :
Jindal Panther & Lafarge Cement

Contact : +91 94140 31133, 94140 59480

283, Mahaveer Nagar-II, Maharani Farm, Durgapura, Jaipur-302 018
Email : abm.steel90@gmail.com

समाचार पत्रों में प्रकाशित समर्पण संस्था की गतिविधियाँ

समर्पण संस्था की स्मारिका समर्पण-2010 का विमोचन

समर्पण संस्था द्वारा 61 यूनिट रक्तदान

समर्पण संस्था की वार्षिक संगोष्ठी आयोजित

जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा सहायता करेगी समर्पण संस्था

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से 'रन फॉर एनवायरनमेंट' का आयोजन

स्कूल, कॉलेज, एनजीओ, एनसीसी कैडेट्स के अलावा विभिन्न सरकारी और निजी संस्थाओं के लोगों ने लिया हिस्सा

योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

बच्चों को गोद लिया

समर्पण संस्था सदस्यों ने किया रक्तदान

स्मारिका 'समर्पण- 2010' का विमोचन

'पेड़ लगाना समाजसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा'

पेड़ पौधों की कटाई से बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन

'शिक्षा जीवन का आभूषण है'

महिला शिक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन

समर्पण जल सेवा का उद्घाटन

समाज के प्रति तन-मन-धन समर्पित करें : खुराना

AC CONTRACTOR

G.B.

CORPORATION

Contact For AC Fitting, AC Pipe Fitting, AC Repairing, L.P.G. Pipe Fitting & All types of AC Work

TIN No. 08022172119

Raju Singh Bairwa
9602269803

26A, Rajeev Vihar, Mangyawas, Mansarovar, Jaipur

Samarpan Sanstha (Regd.)

Manavata Ke Liye Samarpit.....

(Registration No. 599/Jaipur-2009-10, Under Raj. Society Act. 1958)
Office : 192/38, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur (Raj.) 302033
Mobile : 9414336431, 9929225353 www.samarpansanstha.org

Photo

Application for Membership

To
President,
Samarpan Sanstha
Jaipur (Raj.)

Sir,

I wish to enroll as *Patron/Special Member/Associate Member/Student Member* of The Samarpan Sanstha.
I Sending Rs. _____ (In words _____)
by Cash/Cheque/Draft No. _____ of Bank _____ Dated _____
as fee accordingly. Oblige me by accepting Membership.

Personal Details

1. Name : .....
2. Father's /Husband Name : .....
3. Date of Birth : .....
4. Date of Marriage : .....
5. Office Address : .....
   : .....
6. Occupation : .....
7. Permanent Address : .....
8. Phone/Mobile No. : .....
9. Email Address : .....

I agree to abide with the rules and objects of the Samarpan Sanstha and assure you my full and sincere co-operation in achieving the goal set out by the Samarpan Sanstha.

Date :
Place :

Signature

FOR OFFICE USE

Received Rs. ..... Vide Receipt No. ..... Date .....
accepts the Chief Patron/Patron/Associate Member/Student Member of Shri/Smt./Ms/.....
..... Membership No. ..... Date .....

President/Vice President

Sanstha Authorized Member

Note : 1 Membership fee will be accepted by cash/Cheque/draft in favour of "Samarpan Sanstha" Payable at AXIS BANK LTD. A/c No. 909010036941934, IFSC Code - UTIB0000433 at Jaipur only along with two copies of Passport size Photograph. (Membership Fee Patron - 11000/-, Special Member - 5100/-, Associate Member - 1100/-

Form Back Page
Blank

!! Jai Shri Krishna !!

Ruchika Creation

ALL TYPES OF COMPUTER DESIGNING & PRINTING WORK

- MAGAZINE
- BROCHURE
- POSTER
- PAMPHLET
- VISITING CARD
- BILL BOOK
- LETTER HEAD
- FLEX
- VINYL
- GLOWSIGN BOARD
- Cloth Banner
- ID CARDS
- SHADI CARD
- INVITATION CARD

1621, Shol Bhawan Ki Gali, Near Sai Baba Temple,
Behind Mehta Chamber, Choura Rasta, Jaipur
E-mail : ruchikacreation14@gmail.com, nitinnirwan03@gmail.com
Phone : 0141-4043430 • Mobile : +91-97993-21626, 7073524597

With the Best Compliments From

कृष्णा Construction Co.

All Types of Civil Construction Work

Madan Lal Verma

Plot No. - 15, Tirupati Balaji Nagar,
Near Surajbhan School, Sanganer, Jaipur
Mob. : 9414442285, 9887039011